Title: Demand to enquire the funds collected under the Madhya Pradesh Chief Minister''s Kargil Relief Fund and expenditure incurred on the Martyr''s families rehabilitation.

श्री शिवराजसिंह चौहान (विदिशा) : यह मध्य प्रदेश सरकार का मामला है, देश की रक्षा से जुड़ा मामला है, सेना से जुड़ा मामला है, उसके बारे में मैं कह रहा हूं।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना : आप अपनी बात कह लीजिए।

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइये। मैं आपका नाम भी बुलाऊंगा।

योगी आदित्यनाथ : हमारे मध्य प्रदेश में वहां के मुख्यमंत्री ने राज्य में कारगिल संघर्ष के समय लोगों से पैसा इकट्ठा करके

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठिये, आपको बाद में बुलाएंगे।

श्री मदन लाल खुराना : आप बोल लीजिए। नहीं, अध्यक्ष जी, उनको बोलने दीजिए।

श्री शिवराजसिंह चौहान : माननीय अध्यक्ष महोदय, कारगिल संघर्ष के समय जहां एक तरफ देश के वीर जवान सिर पर कफन बांधकर अपने अंतिम रक्त की बूंद देकर भी देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए लड़ रहे थे, वहीं देश की जनता भी देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण थी। माननीय प्रधान मंत्री जी के आहवान पर प्रधान मंत्री सहायता कोष में और हमारी देश के सुरक्षा कोष में अरबों रुपये की राशि देश की जनता ने दी।

लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने अलग से मुख्य मंत्री कारगिल सहायता कोष बनाया और उस कोष में ९६७५८७४८ रुपए इकट्ठा हुए। मैं बड़े दुख के साथ निवेदन करना चाहता हूं कि इस राशि में से मध्य प्रदेश के ११ शहीद सैनिकों के परिजनों को ११०००००० रुपए उपलब्ध करा दिए गए, बाकी ८५७००००० रुपए की राशि कहां है, इसका आज तक पता नहीं है।

MR. SPEAKER: Shri Chouhan, how can you discuss State matters or the Chief Minister''s statement in the House?

श्री शिवराजसिंह चौहान : यह शहीदों से जुड़ा मामला है। शहीदों के नाम पर पैसा इकट्ठा किया गया। प्रधान मंत्री जी के आहवान पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के लगभग ४६००० कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक दिन के वेतन के रूप में २२१०००००० रुपए दिए थे। उसमें से १००५७००० रुपए सुरक्षा कोष में जमा किए गए, बाकी ४६ लाख रुपए कहां चले गए, आज तक पता नहीं चला। यह केवल शहीदों का अपमान नहीं है, यह देश की जनता की भावनाओं का सवाल भी है। ८ करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि शहीदों के नाम पर इकट्ठा की गई, वह कहां खर्च की गई, आज तक मुख्य मंत्री बताने को तैयार नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार इस मामले में जांच कराए। अगर ऐसे ही चलता रहा तो देश की जनता का विश्वास उठ जाएगा। शहीदों के नाम पर जो पैसा इकट्ठा किया गया, उस पैसे को सैनिक कल्याण कोष में जमा करा दिया जाए और वास्तव में शहीदों के परिजनों के पुनर्वास पर उसे खर्च किया जाए। केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे और उस पैसे को यहां लाए।

">

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): मध्य प्रदेश के सम्मानित सदस्य ने जो बातें कहीं हैं, उनका सम्बन्ध कारगिल के लिए एकत्र राशि से है। मैं प्रतिरक्षा मंत्रालय का ध्यान इस बात की ओर दिलाऊंगा, क्योंकि मैं समझता हूं सारा देश इस बात के लिए दृढ़ होगा कि जितना धन एकत्र किया गया है, देश ने बहुत दिया है, उसका सही उपयोग होना चाहिए।

"> <